
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

**2024**


पुण्यतिथि विशेष
06 दिसम्बर 2024
Teachers of Bihar
The Change Makers
आज का सुविचार
बुद्धि का विकास मानव के अस्तित्व का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए।
भीमराव अम्बेडकर
( भारत के पहले कानून मंत्री )
जन्म: 14 अप्रैल 1891 मृत्यु: 06 दिसम्बर 1956
राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस ज्ञान

## शशिधर उज्जवल

## 06 दिसम्बर

F r i d a y

1. **होमगार्ड स्थापना दिवस**–नागरिक सुरक्षा के लिए भारत में होमगार्ड यानी की भारतीय गृह रक्षक की स्थापना 6 दिसम्बर, 1946 ई. को सर्वप्रथम मुम्बई में की गई थी। वर्ष 1962 में चीन के आक्रमण के समय पुरे देश के ऐसे विभिन्न स्वंयसेवी संगठनों को एकजुट कर अखिल भारतीय स्तर पर इसका गठन कर मूर्त रूप प्रदान किया गया। यह गृह मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।

2. **डॉ. भीमराव अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस**– संविधान निर्माता डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर का निधन 6 दिसम्बर, 1956 ई. को दिल्ली में हुआ था। वे एक भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाजसुधारक थे। उन्होंने अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरूद्ध अभियान चलाया गया था। उन्होंने श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों को समर्थन भी किया था। उन्होंने मानवाधिकारों जैसे दलितों एवं दलित आदिवासियों के मंदिर में प्रवेश, पानी पीने, छुआछूत, जातिपाति, ऊँच–नीच जैसी सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए मनुस्मृति दहन (1927), महाड सम्याग्रह (1928), नासिक सत्याग्रह (1930), जैसे आंदोलन चलाये। बेजुबान, शोषित और अशिक्षित लोगों को जगाने के लिए वर्ष 1927 से 1956 के दौरान मूक नायक, बहिष्कृत भारत, समता, जनता और प्रबुद्ध भारत नामक पाँच साप्ताहिक एवं पाक्षिक पत्र–पत्रिकाओं का संपादन किया। कमजोर वर्गों के छात्रों को छात्रावासों, रात्रि स्कूलों, ग्रंथालयों तथा शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से अपनेदलित वर्ग शिक्षा समाज (स्थापना 1924) के जरिये अध्ययन करने और साथ ही आय अर्जित करने के लिए उनको सक्षम बनाया। उन्होंने अक्टूबर 1956 में नागपुर में बौद्ध धर्म की दीक्षा ली।

   उन्होंने समता, समानता, बन्धुता एवं मानवता आधारित भारतीय संविधान को 2 वर्ष 11 महीने और 17 दिन के कठिन पश्रिम से तैयार कर 26 नवम्बर, 1949 ई. को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को सौंप कर देश के समस्त नागरिकों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और व्यक्ति की गरिमा की जीवन पद्धति से भारतीय संस्कृति को अभिभूत किया। इसके अलावे निर्वाचन आयोग, वित्त आयोग, योजना आयोग, महिला पुरुष के समानता के लिए समान नागरिक हिन्दू संहिता, राज्य पुनर्गठन, राज्य के नीति निर्देशक तत्व, मौलिक अधिकार, सामाजिक ढांचे को मजबूत करने वाली सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक नीतियां भी बनाई।

3. **फिनलैंड की स्वतंत्रता**– फिनलैंड को रूस से स्वतंत्रता की घोषणा 6 दिसम्बर, 1917 ई. को की गई। फिनलैंड की राजधानी हेलसिंकी है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह यूरोप का आठवां सबसे बड़ा देश है।

/teachersofbihar

Madhu priya

मधु प्रिया

# होमगार्ड स्थापना दिवस 6 दिसंबर




भारतीय गृह रक्षक,या होम गार्ड एक भारतीय अर्धसैनिक बल है। यह एक स्वैच्छिक बल है, जिसे भारतीय पुलिस के सहायक के रूप में काम सौंपा गया है। **1962** के बाद गृह रक्षक संगठन को भारत में पुनर्गठित किया गया था, हालांकि यह कुछ जगहों पर व्यक्तिगत रूप से छोटी इकाइयों में मौजूद था। गृह रक्षक को समाज के विभिन्न क्रॉस वर्गों जैसे कि पेशेवरों, कॉलेज के छात्रों, कृषि और औद्योगिक श्रमिकों आदि से भर्ती किया जाता है जो समुदाय की बेहतरी के लिए अपना खाली समय देते हैं। **18-50** के आयु वर्ग में भारत के सभी नागरिक पात्र हैं। गृह रक्षक में सदस्यता का सामान्य कार्यकाल तीन से पांच वर्ष है। नागरिक गड़बड़ी और सांप्रदायिक दंगों को नियंत्रित करने में पुलिस की सहायता के लिए **6** दिसंबर **1946** में होम गार्ड विभाग की स्थापना की गई थी। होम गार्ड आंतरिक सुरक्षा स्थितियों के रखरखाव में पुलिस के लिए एक सहायक बल के रूप में सेवा करने के लिए हैं। किसी भी तरह की आपात स्थिति में मदद करते हैं, जैसे हवाई हमला, आग, चक्रवात,भूकंप, महामारी आदि। यह आवश्यक सेवाओं के रखरखाव में भी मदद करते हैं, सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने में भी इनका योगदान रहता है। इसके अलावा कमजोर वर्गों की रक्षा में प्रशासन की सहायता करते हैं, सामाजिक-आर्थिक और कल्याण की तमाम गतिविधियों में भी होमगार्ड के जवान भाग लेते हैं। ये लोग नागरिक सुरक्षा कर्तव्यों का भी पालन करते हैं। कुछ गार्ड दो प्रकार के होते हैं- ग्रामीण और शहरी।

# पुण्यतिथि विशेष 06 दिसम्बर

राकेश कुमार




**भीमराव रामजी आम्बेडकर** *Bhimrao Ramji Ambedkar*, जन्म: 14 अप्रैल, 1891 - मृत्यु: 6 दिसंबर, 1956) एक बहुजन राजनीतिक नेता और एक बौद्ध पुनरुत्थानवादी भी थे। उन्हें बाबासाहेब के नाम से भी जाना जाता है।

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 06.12.2024

## बुद्धि का विकास

बुद्धि का विकास, किसी व्यक्ति के पूरे जीवनकाल में सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भों, आनुवांशिकी और तंत्रिका जीव विज्ञान से प्रभावित होकर कार्य करने के विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञान, विशेषज्ञता और अनुकूली व्यवहार प्राप्त करने की गतिशील प्रक्रिया को संदर्भित करता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**CHINA** ने हाल में ही दुनियां की सबसे **Ultra High Speed** Maglev Train लॉन्च किया है जिसकी Speed **1000KM/h** है यानि एक Airplane से भी तेज हैं।

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## गोला फेंक

# गोला फेंक

शॉट पुट या गोला फेंक एक ट्रैक एंड फील्ड इवेंट है। जिसमें एक भारी गोलाकार गेंद या शॉट को पुट किया जाता है। या दूसरे शब्दों में कहें तो दूरी के लिए कंधे से गोलाकार वजन गेंद को दूर फेंका जाता है।



**शॉट: पीतल या लोहे से बना हुआ**

| महिला के लिए: | पुरूष के लिए: |
| --- | --- |
| **4 किग्रा** | **7.26 किग्रा** |



## शॉट पुट खेल के नियम


- एथलीट के पास फेंकने की गति शुरू करने के लिए केवल **60 सेकंड** का समय होता है।
- एथलीट सुरक्षा के लिए अपनी **उंगलियों पर टेप** लगा सकते हैं लेकिन दस्ताने नहीं पहन सकते हैं। शॉट का **रिलैक्सेशन स्टांस** गर्दन के पास होता है, इसे मोशन के दौरान वहीं रहना चाहिए।
- शॉट को एक हाथ से **कंधे की ऊंचाई के ठीक ऊपर** लॉन्च किया जाना चाहिए।






गोला फेंक में वर्ल्ड रिकॉर्ड कितना है?

क्राउजर के शॉट पुट रिकॉर्ड में इनडोर और आउटडोर दोनों प्रतियोगिताएँ शामिल हैं: उन्होंने 2021 में 22.82 मीटर का इनडोर रिकॉर्ड और 2023 में 23.56 मीटर का आउटडोर रिकॉर्ड बनाया।


होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस
राज्य की सेवा में पूर्ण निष्ठा से समर्पित होमगार्ड के जवानों एवं नागरिक सुरक्षा के स्वयं सेवकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
6 दिसंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भीमराव अम्बेडकर
महापरिनिर्वाण दिवस
6 दिसंबर
Madhu priya
/teachersofbihar

6 दिसंबर



DR. B R AMBEDKAR

बाबासाहेब

# डॉ.भीमराव अम्बेडकर

**के महापरिनिर्वाण दिवस पर कोटि-कोटि नमन**

**14 अप्रैल 1891 - 6 दिसंबर 1956**

www.teachersofbihar.org

**Punita Kumari**